दिनांक : 06/05/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कपास उत्पादकता मिशन को दी मंजूरी। नागदा-मथुरा तीसरी और चैथी लाइन परियोजना भी स्वीकृत।
- प्रदेश में व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का होगा गठन।
- मोबाइल मेडिकल यूनिट्स से दूरस्थ क्षेत्रों में निःशुल्क जांच, उपचार और टेली-परामर्श की मिलेगी सुविधा।
- प्रदेष के 28 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश का अलर्ट।

केंद्रीय कैबिनेट

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल पांच हजार छह सौ करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देश में कपास क्षेत्र में बाधाओं, घटती वृद्धि और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए कपास उत्पादकता मिशन को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक में नागदा-मथुरा तीसरी और चैथी लाइन परियोजना को स्वीकृति मिली है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना से आयातित कपास पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी। वहीं श्री वैष्णव ने गन्ना किसानों के लिए एक लाख करोड़ के प्रावधान की भी जानकारी दी।

अश्विनी वैष्णव मंत्री सूचना और प्रसारण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कैबिनेट बैठक में नागदा-मथुरा तीसरी और चैथी लाइन परियोजना को स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि इस परियोजना से बाबा महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन और कूनो राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क और अधिक सुगम होगा। लॉजिस्टिक्स और टूरिज्म क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

कैबिनेट बैठक-मुख्यमंत्री

प्रदेश के व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। यह निर्णय कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उठाए गए इस कदम का मुख्य लक्ष्य प्रदेश के व्यापारियों और सरकार के बीच एक सीधा संवाद तंत्र स्थापित करना है, जिससे व्यापारिक क्षेत्र की बाधाओं को दूर कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके। बैठक में 16वें वित्त आयोग की अवधि के लिए सड़क निर्माण, ग्रामीण मार्गों के उन्नयन और शासकीय आवासों के रखरखाव के लिए 32 हजार 405 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए। मंत्रि परिषद ने कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दी है। इसमें आगामी 5 वर्षों में 2 हजार 442 करोड़ रुपये व्यय कर दलहन उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा।

इंदौर ब्रिक्स सम्मेलन

इंदौर में 9 से 13 जून तक पांच दिवसीय ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों का सम्मेलन होगा। सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और भू-राजनीतिक संवाद को बढ़ाना है। सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, मिस्र, सऊदी अरब, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, कोलंबिया, इंडोनेशिया सहित 21 देश के मंत्री शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों के साथ हुई बैठक में बताया कि ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों का सम्मेलन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

स्वास्थ्य सुविधाएं- एमओयू

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश ने राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एमओयू किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य मधुमेह जैसे गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनकी शीघ्र पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना और दुर्लभ रोगों से पीड़ित मरीजों को बेहतर सहयोग प्रदान करना है। प्रबंध संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से लोगों को उनके क्षेत्र में ही निःशुल्क जांच, उपचार और डॉक्टरों से टेली-परामर्श की सुविधा मिलेगी।

विक्रमोत्सव-2026-सिल्वर अवॉर्ड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को डब्ल्यूओडब्ल्यू लाईव अवार्डस की टीम भोपाल में विक्रमोत्सव 2026 को इस वर्ष मिले गोल्ड और सिल्वर अवार्ड प्रदान करेगी। नई दिल्ली में आयोजित शोज आफ इंडिया कॉन्क्लेव 2026 में विक्रमोत्सव 2026 को कल्चरल लाइव इवेंट आफ द ईयर में गोल्ड अवॉर्ड तथा लाइव इवेंट में सर्वश्रेष्ठ शासकीय सहभागिता की श्रेणी में सिल्वर अवार्ड प्राप्त हुआ।

जबलपुरः क्रूज हादसा

जबलपुर स्थित बरगी डैम पर हुए क्रूज हादसे को लेकर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने कल मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए क्रूज चालक और अन्य क्रू सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि घटना में प्रथम दृष्टया गंभीर लापरवाही सामने आई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 30 अप्रैल को हुए हादसे में 13 लोगों की डूबने से मौत हो गई थी।

म.प्र. मदरसा बोर्ड की परीक्षा

म.प्र. मदरसा बोर्ड ने हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की तिथियों का शैक्षणिक कैलेण्डर जारी कर दिया है। छात्र स्वंय या अध्ययन केन्द्रों दोनों माध्यमों से आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे। शैक्षणिक कैलेण्डर एवं शुल्क संरचना म.प्र. मदरसा बोर्ड की वेबसाईट उचउइण्वतहण्पद पर देखा जा सकता है।

मौसम

प्रदेष में आज 28 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है। ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, जबलपुर, कटनी सहित 28 जिलों में आंधी की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी सहित 28 जिलों में दिन में गर्मी का असर बना रहेगा। प्रदेश में कल लगातार पांचवें दिन भी आंधी-बारिश का दौर बना रहा। ग्वालियर, छतरपुर, धार, बड़वानी, डिंडौरी, बालाघाट समेत कई जिलों में सुबह से ही आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। रात में भी भोपाल समेत कई जिलों में तेज आंधी चली।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री यहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उद्योगपतियों से संवाद करेंगे।
- विदिशा में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त शिकायत पर प्रशासन ने 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी बालिका का बाल विवाह रूकवाया।
- मंडला जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में कल उ.मा. विद्यालयों के लगभग 70 दिव्यांग विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
- आगरमालवा के सोयतकलां स्थित शासकीय महाविद्यालय में काॅलेज चलो अभियान के तहत आज विकासखंड स्तरीय प्रवेश मेले का आयोजन किया जाएगा।
- रायसेन के जिला चिकित्सालय में फायर सेफ्टी सप्ताह के तहत कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। फायर सेफ्टी सप्ताह’ 10 मई तक चलेगा।
- रतलाम में फोरलेन सीसी रोड़ निर्माण कार्य की जांच पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत बैतूल जिले के ग्राम चंदौरा में कल सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।
- सिंगरौली जिले में जनगणना 2026 की प्रक्रिया शुरू गई है। प्रथम चरण में 30 मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य संपादित किया जा रहा है।
- झाबुआ जिला कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कल पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में क्षीर धारा और हिरण्यगर्भ अभियान का सफल संचालन करने के निर्देश दिए।

-------------